सोलर लाइट से रोशन आशियाने

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

बाड़मेर. ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान तथा चिराग रूरल डवलपमेंट फाउंडेशन मुम्बई द्वारा प्रोजेक्ट चिराग के तहत बाड़मेर जिले के ग्रामीण इलाकों में सोलर लाइट का वितरण किया गया। संस्थान की अध्यक्ष रुमा देवी ने बताया की सर्वे के आधार पर बाड़मेर जिले के खारिया राठोड़ान और चवा में जनजाति वर्ग के 140 घरों को सोलर लाइट प्रदान की गई। गांवों में रहने वाली आबादी, पशुपालन, खेती और क्राफ्ट कार्य करती है। उन्हें अपने काम में मदद करने के लिए रोशनी की सख्त जरूरत थी। ये लाइट घर व आसपास को रोशन करने में ग्रामीणों के लिए मददगार साबित होगी।